
टेक्नीशियनोंने किया कार्य बहिष्कार, मरीज परेशान

एसआरएन में तीन माहसे वेतन न मिलनेपर आउटसोर्सिंग कर्मचारियोंका फूटा गुस्सा

एसआरएन अस्पताल में पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने से आक्रोशित आउटसोर्सिंग टेक्नीशियनों ने बुधवार सुबह कार्य बहिष्कार कर दिया। कार्य बहिष्कार के चलते घंटों एमआरआई एवं सीटी स्कैन कराने आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वेतन भुगतान न होने से आक्रोशित कर्मचारी सुबह से ही ट्रामा सेंटर में एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि बीते सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने उन्हें वेतन दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गयी। नाराज टेक्नीशियनों ने कहा कि अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा। यदि उनका बकाया वेतन जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वह इस आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। टेक्नीशियनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित कार्यदायी एजेंसी को पत्र लिखकर कर्मचारियों का बकाया वेतन जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। कार्य बहिष्कार से घंटों एमआरआई एवं सीटी स्कैन कराने आए मरीजों को परेशानी हुयी।

शिविरमें ८५ रेलवेकर्मियोंने किया रक्तदान



एनसीआरईएस और रोटरी क्लब इलाहाबाद नार्थ के संयुक्त तत्वावधानमें उत्तर मध्य रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय के सभाागर में इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनएफआईआर के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष एवं एनसीआरईएस के महामंत्री आरपी सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस शिविर में ८५ रेलवे कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सर्वप्रथम कार्यकारी महासचिव अखिलेश सिंह राठौर ने रक्तदान किया। आज एनसीआर जोन के अन्य मंडलों में महामंत्री के जन्मदिन पर सैकडों यूनिट रक्तदान हुआ।

रक्तदान शिविर में अतिथि चिकित्सा निदेशक राकेश निगम,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुरेन्द्र नाथ, डाक्टर अनुराग यादव, डाक्टर एसएस नायक, डाक्टर सेन,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव कुमार गुप्ता,वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता-परिचालन आकाश श्रीनेत्र रहे। प्रयागराज मंडल मंत्री चन्दन कुमार सिंह ने बताया की आज सम्पूर्ण एनसीआर जोन में झांसी, आगरा प्रयागराज एवं कानपुर में एनसीआरईएस की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन मानवता की रक्षा के लिए किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी संयुक्त महासचिव आलोक सहगल, हेडक्वार्टर मंडल मंत्री सुरेन्द्र तिवारी,सहा.मंडल सचिव दिवाकर शुक्ला,एस डी मिश्रा,शाखा सचिव सचिन सिंह,एस रामाराव,नागेन्द्र श्रीवास्तव,अखण्ड प्रताप सिंह,अनिल कुमार,कुलदीप यादव, दीपक राजपूत, महिला प्रतिनिधि कुमारी शास्त्री देवी, शैलजा सिंह, श्वेता कुमारी, रोटरी क्लब इलाहाबाद नार्थके अध्यक्ष निखिल अग्रवाल, शरद जैन, मनीष देवड़ा, दीपक अग्रवाल, संजय मलिक, अभिलाष जैन, आनन्द, कमल क्रान्ति के साथ अन्य रेलकर्मियों ने भाग लिया।

भागवत कथाकी ध्वनिसे पाप-भय-विकार समाप्त हो जाते हैं-बटुक महाराज

कीडगंज स्थित ज्ञान पुस्तकालयमें श्रीमदभागवत कथा शुरू

प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज की ओर से बुधवार को श्रीमदभागवत की शुरुआत हुई। महापौर सपत्नीक विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया। कथा के प्रथम दिवसपर भक्तोंको बटुक महाराजने भागवत कथा का महात्म्यका वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण वेदों का सार, है जिसे पांचवां वेद 'परमहंस संहिता' कहा गया है। इसके समक्ष अन्य सभी यज्ञ, तप, व्रत और दान हल्के पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सिंह की गर्जना से भेड़िये भाग जाते हैं, उसी प्रकार भागवत कथा की ध्वनि से कलयुग के सारे पाप, भय और विकार समाप्त हो जाते हैं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि दूसरे दिवस गुरुवार की कथा शाम पांच बजे होगी। इस मौकेपर जय कृष्ण केसरवानी जय बाबू, मनीष केसरवानी, अजय जायसवाल, अमरेश जायसवाल, ईशू केसरवानी, पार्षद मुकेश कसेरा, संस्कार सिन्हा, इक्ष्वाकु तिवारी आदि भक्तोंने कथाकी आरती की।

हृदय गति रुकनेसे हुई थी चालककी मौत

कोतवाली थाना क्षेत्र में टाइल्स कारोबारी के बेटे को बैडमिंटन खिलाने ले गए चालक हिमांशु कुमार की मौत हृदयाघात रुकने से हुई थी। सूत्रों की माने तो बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद हृदयाघात रुकने से मौत होने की बात सामने आई।। मंगलवार को हिमांशु का शव केपी इंटर कॉलेज ग्राउंड के पास खड़ी आई-२० कार में संदिग्ध हालत में मिला था।

शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। छोटा बघाड़ा निवासी हिमांशु मंगलवार दोपहर कारोबारी के बेटे को लेकर एमजी मार्ग स्थित केपी इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचा था। कारोबारी का बेटा बैडमिंटन खेलने चला गया, जबकि हिमांशु कार में ही बैठा रहा। शाम करीब पांच बजे बेटा खेलकर वापस आया तो हिमांशु कार में मृत मिला था। शुरुआती जांच में पुलिस ने भी हार्ट अटैक की आशंका जताई थी।

शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया था।

लोडमें बढ़ोतरीसे फुंके केबिल बाक्स एवं तार

बिजली-पानीके संकटसे लोग परेशान

नगर में पहले बारिश के दौरान बिजली पानी के संकट से घंटों जूझते रहे है। अब तापमान बढ़ने के साथ ही घरों में एसी और कूलर के प्रयोग बढ़ गये हैं। ऐसे में गली मोहल्लों को बिजली आपूर्ति करने वाली केबिल पर आफत आ रही है। न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े काटजू फीडर का केबिल बाक्स फुंक गया। इससे दर्जनों मोहल्लों में बिजली संकट बना रहा है। बिजली कर्मचारी केबिल फाल्ट की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में घंटों जुटे रहे हैं। दोपहर को ओल्ड खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े नवदुर्गा फीडर के ट्रान्सफार्मर के मरम्मत के कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इलाके के लोगों ने घंटों बिजली नहीं आने पर विद्युत उपकेन्द्र पर सम्पर्क किया तो बिजली कर्मचारियों ने बताया कि केबिल जलने से बिजली की दिक्कत आयी है। मरम्मत का कार्य चल रहा है। शाम को बिजली नहीं मिलने पर इलाके को बिजली आपूर्ति करने वाले ट्यूबवेल ठप पड़े रहे हैं। लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ा। नगर में केबिल फाल्ट के चलते बिजली संकट से किसी तरह से राहत नहीं रही है। बिजली के आने जाने से पूरे दिन लोग परेशान रहे हैं। सुबह न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र के मरकरी फीडर, दायराशाह अजमल फीडर, बैदनटोला फीडर, काटजू फीडर, डफरिन फीडर एवं मंसूर पार्क फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली लाइनों के ट्रिप करने का सिलसिला चलने से लोग परेशान रहे हैं। सबसे अधिक बिजली की समस्या बनने से लोगों के सामने पेयजल की समस्या बन रही है। यही नहीं घंटों मरम्मत के कार्य के चलते बिजली गायब रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व निर्धारित समय सारिणीसे चलेगी आनन्द विहार-रीवा एक्सप्रेस

रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में अधिसूचित गाड़ी संख्या १२४२८ और १२४२७ आनंद विहार टर्मिनल-रीवा एक्सप्रेस का आगामी २३ अक्तूबर से मार्ग में बदलाव किया गया था। परिचालनिक कारणों से अब इसे स्थगित कर दिया गया है। यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय सारणी के अनुसार ही संचालित होती रहेगी।

नैनीमें चार सौ करोड़से होगा मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालका निर्माण

नवरात्रमें होगा भूमि-पूजन, नगर निगम एवं पार्क मेडी वर्ल्डके बीच अनुबंध

नैनी जहांगीराबाद, वार्ड संख्या ३१ में ५०० बेड के मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के निर्माण के लिए नगर निगम और पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड (पार्क ग्रुप आफ हास्पिटल्स) के बीच बुधवार को अनुबंध हुआ। करीब चार सौ करोड़ की लागत से अस्पताल का निर्माण जल्द शुरू किया जायेगा। इसमें ७५ करोड़ म्युनिसिपल बान्ड के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष धनराशि संबंधित कंपनी उपलब्ध करायेगी।

महापौर ने निर्देश दिए हैं कि अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ाई जाए। साथ ही नवरात्र के दौरान भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है। ५०० बेड के इस अस्पताल के निर्माण से प्रयागराज में आधुनिक एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस मौके पर नगर आयुक्त सीलम साई तेजा, मुख्य अभियंता जनकार्य दिनेश चंद्र सचान, पार्क मेडी वर्ल्ड के कंपनी सेक्रेटरी अभिषेक कपूर एवं सीनियर जनरल मैनेजर डा.सत्यम गुप्ता मौजूद रहे।

डेंगू पसार रहा पांव, चार और नये मरीज मिले

तेलियरगंज, रसूलाबाद एवं राजापुर सबसे अधिक प्रभावित, आंकड़ा पहुंचा ६७

वायरल बुखार के बाद अब डेंगूका प्रकोप तेजी से पांव पसार रहा है। महानगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बड़ी संख्या में लोग डेंगू की चपेट में हैं। बुधवार को महानगर में चार नए डेंगू मरीजों की पुष्टि हुयी है। नये मामलों के साथ जनपद में अब डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर ६७ हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू के लगातार नये मामले को देखते हुए मरीजों के घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। मौसम परिवर्तन से बीमारियों का कहर लगातार जारी है। निजी पैथोलाजी से लेकर सरकारी अस्पतालों के लैब में डेंगू की जांच के लिए मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। स्वास्थ विभाग के आंकड़ों के अनुसार डेंगू के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में तेलियरगंज, रसूलाबाद, राजापुर एवं छोटा बघाड़ा शामिल है, इन क्षेत्रों से अधिक मरीजों की पुष्टि हो रही है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एके तिवारी ने बताया कि डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। विभाग की टीमें महानगर को विभिन्न जोनमें बांटकर बड़े पैमानेपर एंटी लार्वा का छिड़काव कर रही है। इसके साथ ही आम लोगोंको भी डेंगू से बचाव एवं सर्तकता बरतने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।मरीजोंके परिजनों एवं आसपास रहनेवाले लोगों को भी सावधानी बरतनेके निर्देश दिए जा रहे हैं।

पांच सालके लिए आईआईटी बाम्बेका नालेज पार्टनर बना इविवि

ओपन-सोर्स साफ्टवेयर एवं भू-स्थानिक तकनीकपर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू, ३५० से अधिक विद्यार्थी जुटे

इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) अब पांच वर्षों के लिए आईआईटी बॉम्बे का नॉलेज पार्टनर बना है। विश्वविद्यालय के भूगोल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन विभाग आईआईटी बॉम्बे के एफओएसएसईई (फ्री/लिब्रे एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर फॉर एजुकेशन) प्रोजेक्ट के साथ मिलकर शैक्षणिक, प्रशिक्षण और शोध गतिविधियां संचालित करेंगे। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर व भू-स्थानिक तकनीकके प्रशिक्षण के साथ इंटर्नशिप के अवसर भी मिलेंगे।

बुधवार को विश्वविद्यालय में 'यूज ऑफ ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर एंड जियोस्पेशियल नॉलेज' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। शिक्षा मंत्रालय के नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू आईसीटी (एनएमईआईसीटी) के तहत एफओएसएसईई परियोजना के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में करीब ५० शिक्षक-शिक्षिकाओं और ३५० से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया उद्घाटन अवसर पर आईआईटी बॉम्बेके एफओएसएसईई प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. मोहम्मद कासिम खान ने बताया कि इसके माध्यम से भूगोल, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान, अर्थ साइंस, वायुमंडलीय एवं महासागर विज्ञान, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत विभिन्न विषयों के विद्यार्थी ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण ले सकेंगे। वक्ताओं ने कहा कि भू-स्थानिक तकनीक का दायरा अब भूगोल तक सीमित नहीं है। आपदा प्रबंधन, पर्यावरण, जलवायु विज्ञान, शहरी नियोजन, कृषि और संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी इसका उपयोग बढ़ रहा है। ऐसे में ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर विद्यार्थियों और शोधार्थियों को कम लागत में आधुनिक तकनीक सीखने का अवसर देते हैं। कार्यशाला के दूसरे सत्र में आईआईटी बॉम्बे के विशेषज्ञों प्रो. प्रभु विश्वनाथन, ऊषा विश्वनाथन, राजेश कुशलकर, मधुलिका गोयल और कुशाल सिंह राजपूत ने ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग और इसके शैक्षणिक व शोध अनुप्रयोगों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. सैय्यद इब्राहिम रिजवी, शोध एवं विकास डीन प्रो. मनीष श्रीवास्तव, संयोजक प्रो. ए.आर. सिद्दीकी और सह-संयोजक डॉ. निलेश आनंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

हिन्दी पखवाड़ाका समापन, विजेताओंको किया पुरस्कृत

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगानाथ झा परिसर में बुधवार को हिन्दी पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन सभी का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि उमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने हिन्दी भाषा की विशालता एवं गम्भीरता से उपस्थित जनों को परिचित कराया। उन्होंने हिन्दी में बिन्दी के महत्व को कविता के माध्यम से व्यक्त किया। अध्यक्षता करते हुए परिसर के निदेशक प्रो. रामकृष्ण पाण्डेय 'परमहंस' ने हिन्दी को किसी भी भाषा की प्रतिस्पर्धी न मानकर सभी भाषाओं की समावेशी भाषा बताया।

हिन्दी भाषा में तद्भव, तत्सम, देशज एवं विदेशज जैसे चार प्रकार के शब्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने हिन्दी भाषा को विश्व की अनेक भाषाओं के शब्दों को अंगीकृत करने वाली भाषा बताया। इसके पूर्व परिसर के राजभाषा अधिकारी (प्रभारी) एवं कार्यक्रम के सहसंयोजक राजेश कान्त तिवारी ने समस्त उपस्थित जनों का स्वागत किया।कार्यक्रम के संयोजक डाक्टर श्याम सुन्दर पाण्डेय ने हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं एवं उनके विजेताओं के नामों की घोषणा की। हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं निदेशक ने सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किये। इस अवसर पर सहनिदेशक प्रो. देवदत्त सरोदे, प्रो. अपराजिता मिश्रा, डाक्टर मोनाली दास, डाक्टर मंगलदेव त्रिपाठी, डाक्टर अंजनी कुमार पुण्डरी, अंकित मिश्र, वरुण कुमार तिवारी, संजय कुमार मिश्र, सुश्री अश्विनी लंके, अंजू मिश्रा, मंजू देवी आदि उपस्थित रहे।

कठिन परिश्रम एवं निश्चित उद्देश्य ही सफलताकी कुंजी-डा. नीलम सिंह

विदाई समारोहमें छात्राओंने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम नर्सिंग स्कूल में बुधवार को सत्र २०२३-२६ के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ।इस अवसर पर जूनियर छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में मुख्य अतिथि एसआरएन अस्पताल प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.नीलम सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ अपना एक लक्ष्य निश्चित रखना बेहद जरूरी है और उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाधीक्षक गौतम त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कालेज की प्राचार्या जय कुमारी जायसवाल ने सभी विदा होने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीनियर छात्र-छात्राओं ने मंच पर आकर कालेज के अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उपहार भेंटकर पुरस्कृत किया। इस दौरान डा. रश्मि, डा. अमित सिंह,दुर्गेश तिवारी एवं कालेज के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

पूर्वमंत्री रामगोविंद चौधरीकी अस्थि भस्म संगममें विसर्जित



समाजवादी नेता, प्रदेश सरकारमें पूर्व मंत्री रहे स्व. राम गोविन्द चौधरी का अस्थि भस्म बुधवार को उनके परिजनों ने संगम में विसर्जित किया गया। स्थानीय सपा नेताओं ने भी उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, महासचिव रविन्द्र यादव, विश्राम चौधरी, लाल बाबू चौधरी, सुनील मौर्य, कृष्ण मूर्ति यादव, राम बचन यादव, नीरज सिंह, हरेंद्र सिंह, मृगराज सिंह, तारिक सईद अज्जू, अखिलेश गुप्ता, आदिल हमजा, देवीलाल यादव, अंजीत सिंह, दिलीप सोनकर, सऊद, राघवेंद्र, विजय, श्रवण, सुनील, नीरज पटेल, जय भारत, महेन्द्र निषाद, प्रभात यादव, संतोष यादव, अवनीश यादव, अजीत, विकास आदि मौजूद रहे।

नान इंटरलाकिंग कार्यके कारण परिवर्तित मार्गसे चलेंगी ट्रेनें

रेल प्रशासन द्वारा गुंटकल मंडल में गुडुर जं.-रेणिगुंटा -तिरुपति खण्ड के अंतर्गत यार्ड रीमाडलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग के कमीशनिंग से संबंधित नान-इंटरलाकिंग कार्य के कारण विभिन्न ट्रेनों को निर्धारित तिथियों पर परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जायेगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा संबंधित सात ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

गाड़ी संख्या-०१९२५ कानपुर सेंट्रल-मदुरै विशेष ट्रेन नौ, १६ एवं २३ दिसम्बर को परिवर्तित मार्ग गुडूर-पेरंबूर-अरक्कोणम से होकर चलेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या-०१९२६ मदुरै-कानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन १२, १९ एवं २६ दिसम्बर को अरक्कोणम-पेरंबूर-गुडूर, गाड़ी संख्या-१२६४३ तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन स्वर्ण जयंती सुपरफास्ट एक्सप्रेस २२ दिसंबर को कटपड़ी-अरक्कोणम-पेरंबूर-गुडूर के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या-१२६४४ हजरत निजामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम स्वर्ण जयंती सुपरफास्ट एक्सप्रेस ११, १८ एवं २५ दिसंबर को गुडूर-पेरंबूर-अरक्कोणम, गाड़ी संख्या-१२६४५ एर्नाकुलम-हजरत निजामुद्दीन मिलेनियम सुपरफास्ट एक्सप्रेस १२, १९ एवं २६ दिसंबर अरक्कोणम-पेरंबूर-गुडूर, गाड़ी संख्या-१२६४६ हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम मिलेनियम सुपरफास्ट एक्सप्रेस १५ एवं २२ दिसंबर करे गुडूर-पेरंबूर-अरक्कोणम और गाड़ी संख्या-२२३६३ धनबाद - कोयंबटूर अमृत भारत एक्सप्रेस १९ दिसंबर को गुडूर-पेरंबूर-अरक्कोणम होकर चलेगी।

जागरूकता रैली निकालकर दिया स्वच्छताका संदेश

स्वच्छता के प्रति रेलकर्मियों, यात्रियों एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरम्भ केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे से किया गया। रैली को अपर मंडल रेल प्रबंधक-सामान्य, दीपक कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे से प्रारंभ होकर पत्थर गिरजा घर, सुभाष चौराहा तथा रेलवे कालोनी प्रथम मार्ग होते हुए प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचकर सम्पन्न हुई। जागरूकता रैली में रेलवे स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता से संबंधित संदेश एवं नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आमजन से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाने, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया। रैली के दौरान मार्ग में आमजन एवं रेल यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भारत सकौत एंड गाइड, प्रयागराज मण्डल के जिला सचिव अभिषेक, सहसचिव मनोज यादव, पूर्व जिला संगठन आयुक्त, श्री सतपाल सिंह सहित राज, शिवम, अखिलेश, सुमन, रोहित, आशीष एवं रेलवे स्काउट एवं गाइड के अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

दैनिक कार्योंमें हिन्दीका करें अधिकाधिक प्रयोग-महाप्रबन्धक

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक तथा पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया । महाप्रबंधक ने कहा कि संगठन में राजभाषा हिन्दी में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे दैनिक कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा संकोच को त्यागकर सहज रूप से हिन्दी में कार्य करें। इससे पूर्व मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य इंजीनियर जे सी चौरसिया ने कहा कि यदि उच्चाधिकारी स्वयं हिन्दी में आदेश देंगे एवं फाइलों पर हिन्दी का प्रयोग करेंगे तो निश्चित रूप से कर्मचारियों पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कोर मुख्यालय में बीते १८ से ३० सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गयीं विभिन्न प्रतियोगिताओंके विजेता कर्मचारियोंको महाप्रबंधकके कर कमलोंसे प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत भी किया गया। बैठकमें मुख्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डाक्टर संजय सिंह नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर अर्पण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं राजभाषा से जुड़े संपर्क अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रमका संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरीने किया।

सफाई मित्र सुरक्षा सेवा एवं सम्मान शिविर आयोजित

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा स्वच्छता ही सेवा-२०२६ अभियान के अंतर्गत बुधवार को 'सफाई मित्र सुरक्षा सेवा एवं सम्मान शिविर' का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता देना तथा उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

शिविर में सफाई मित्रों के लिए एकल-विंडो स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कान्ट्रैक्ट पर कार्यरत सफाई एवं ओबीएचएस कर्मचारी, ट्रैक के किनारे सफाई करने वाले कर्मचारी तथा रेलवे कालोनियों में सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। इस अवसर पर सफाई मित्रों को कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीपीई किट एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। साथ ही पात्र सफाई मित्रों को विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जन-धन योजना आदि से जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों एवं स्वच्छताग्रहियों के योगदान को सम्मानित किया गया।

४०६ सफाई मित्रोंके स्वास्थ्य की जांच एवं किया टीकाकरण

स्वच्छता ही सेवा-२०२६ अभियान के अंतर्गत बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रयागराज डाक्टर सुरेन्द्र नाथ के मार्गदर्शन में प्रयागराज जंक्शन, महाप्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, स्वास्थ्य केन्द्र नैनी, स्वास्थ्य केन्द्र मिर्जापुर, स्वास्थ्य केन्द्र चुनार, स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर एवं स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक-प्रयागराज के अधीन स्वच्छता ही सेवा-२०२६ अभियान के अंतर्गत कुल ४०६ सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गयी तथा आवश्यकतानुसार टीकाकरण भी किया गया। शिविरके दौरान संविदापर कार्यरत सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की गयी। साथ ही सफाई कार्य के दौरान संक्रमण से बचाव एवं सुरक्षित स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए हेपेटाइटिस-बी का टीकाकरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सफाई मित्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३७)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

इतिहास लिखनेके लिए आमजनकी आवाज भी जरूरी- प्रो. अर्चना

इतिहास को समझने के लिए केवल अभिलेखागार में दर्ज दस्तावेजों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। आमजन के जीवनानुभव, स्मृतियां और स्थानीय स्तर पर मौजूद मौखिक परंपराएं भी इतिहास की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यह बात जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान की डॉ. अर्चना सिंह ने इविवि के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग में आयोजित दो दिवसीय विशेष व्याख्यान में कही। 'इतिहास में फील्ड वर्क : शोध विधि और महत्व' विषय पर बोलते हुए डॉ. सिंह ने शोधकर्ताओं को 'अभिलेखागार से आगे देखने' की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पारंपरिक अभिलेखीय स्रोत महत्वपूर्ण होने के बावजूद अतीत का आंशिक चित्र ही प्रस्तुत करते हैं। आधिकारिक अभिलेखों में संस्थाओं और अधिकारियों का दृष्टिकोण प्रमुखता से दर्ज होता है, जबकि महिलाओं, स्थानीय समूहों, आम लोगों और हाशिए के समुदायों के अनुभव कई बार दर्ज नहीं हो पाते। उन्होंने कहा कि मौखिक इतिहास, स्मृति अध्ययन और क्षेत्रकार्य के माध्यम से इन अनुभवों को सामने लाया जा सकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि क्षेत्रकार्य के जरिए शोधकर्ता समुदायों के बीच जाकर उनके सामाजिक और स्थानीय संदर्भों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकते हैं। कार्यक्रम में मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोआलोक प्रसाद ने डॉ. सिंका स्वागत एवं परिचय कराया। डॉ. पीएस हरीश्ने सत्र की रूपरेखा प्रस्तुतकी। डॉ. संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बाइककी टक्करसे पैदल जा रहे अधेड़ की मौत

कीडगंज थाना क्षेत्र की ओर नये यमुनापुल पर बुधवार की रात पैदल जा रहे एक व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस मृतक के परिजनों को सूचित कर आगे की कारवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक उतरांव थाना क्षेत्र का रहने वाला ४५ वर्षीय सुधीर नये यमुना पुल पर पैदल जा रहा था तभी अज्ञात बाइक सवार ने उसे मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कीडगंज पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों को सूचित कर आगे की कारवाई की जा रही है।

समोसेके रुपयोंके विवादसे नाराज युवक टावरमें चढ़ा

समोसे खानेके बाद उनके रुपये देनेको लेकर हुए विवाद में युवक इतना नाराज हो गया कि मोबाइल टावर पर चढ़ गया। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के असरावे खुर्द गांव में बुधवार शाम हुई इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। असरावे खुर्द गांव निवासी २८ वर्षीय आशीष निषाद बुधवार शाम गांव की ही एक दुकान पर पहुंचा था। वहां उसने चार समोसे खाए। इसके बाद समोसे के रुपये देने को लेकर दुकानदार से उसका विवाद हो गया। रुपये को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। विवाद के बाद आशीष गुस्से में दुकान से निकलकर पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर एयरपोर्ट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक से बातचीत कर उसे नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस उसे सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। एयरपोर्ट थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि दुकानदार से रुपये के लेनदेन को लेकर युवक का विवाद हुआ था। इसी के बाद वह मोबाइल टावर पर चढ़ गया था, पुलिस ने समझाकर उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

परिवहन विभागने एक दर्जन वाहनोंका काटा चालान

परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले डग्गामार एवं अनधिकृत वाहनों के खिलाफ 'कवच २.०' अभियान चलाया। अन्तिम दिन बुधवार को बसों एवं अन्य वाहनों की चेंकिग की। सहायक सम्भागीय अधिकारी प्रवर्तन राजीव कुमार ने बताया कि नैनी क्षेत्र में हुई जांच के दौरान लगभग एक दर्जन वाहनों का चालान किया गया। जिसके अधिकांश सामान्य चालान किये गये। जैसे सीट बेल्ट और नम्बर प्लेट की कमियों पर चालान काटे गये। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में वाहनों की चेंकिग करते हुए कारवाई की गयी। हालांकि आज पीटीओ के निलम्बन की घटना से विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मानसिक दबाव में दिखे। जिसका असर चेकिंग अभियान पर भी पड़ा और सही आंकड़ा नहीं मिल सका। पूर्व के घटनाक्रम के कारण अधिकांश अधिकारियों को सरकारी कार्य के लिए कार्यालय बुलाया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एसपी सिंह भी मुख्यालय एवं उप आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहे और संबंधित प्रकरण को लेकर चर्चा करते रहे। जिसका असर आपरेशन कवच पर भी पड़ा। बता दें कि पहले दिन सोमवार को परिवहन विभाग द्वारा ९ बसों को सीज (बंद) कर दिया गया, जबकि नियमों की अनदेखी करने पर १७ बसों का चालान काटा गया था। दूसरे दिन मंगलवार को कुल ८ बसों को सीज एवं ९ वाहनों का चालान किया गया था। परिवहन विभाग की टीम ने दो दिन की कारवाई में ७.७५ लाख रुपये का शमन शुल्क भी वसूला था।

एजी आफिसके बारह कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी विदाई



बुधवार की शाम को एजी आफिस गेट के बाहर सेवानिवृत्त समारोह हुआ। जिसमें सेवानिवृत कर्मचारी एवं अधिकारियों को फूल-माला, अंगवस्त्रम आदि देकर सम्मानित किया गया। समारोह में राम शंकर शुक्ला, मनोज गर्ग, रमाकांत, सोहेल खान, अरुण कुमार, राम अवध पाल, बैजनाथ, मुकेश चंद्र द्विवेदी, संदीप श्रीवास्तव, राम प्रवेश, अजीत प्रताप सिंह, रामरती शामिल रही।

विदाई कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन के संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश, अजय कृष्ण मिश्रा, विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, राजू मिश्रा, अनिल दास, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अमित सिंह, सगीर अहमद, बिनोद कुमार उपाध्याय, पंकज मालवीय, रजनीकांत विद्यार्थी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, कृपाशंकर सिंह, कुलदीप कुमार, अनूप कुमार टंडन, इंद्रेश कुमार, नीरज श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव आदि रहे।

व्यापारी करेंगे उपवास

व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में व्यापारियों की बैठक में व्यापारियों ने यू पी आई के लेनदेन में लगाए जा रहे टैक्स के विरोध में खटाई मण्डी मुट्ठीगंज के बाहर २ अक्टूबर को यूपीआई का बहिष्कार एवं विरोध मे उपवास करने का निर्णय लिया।